रेलवे भर्ती प्रकोष्ठ, उत्तर मध्य रेलवे

वाल्मीकी चौराहा, नवाब यूसुफ रोड, प्रयागराज

सूचना

जीडीसीई अधिसूचना संख्या जीडीसीई– 01/2019 के अन्तर्गत उत्तर मध्य रेलवे व बनारस लोकोमोटिव वर्कशाप (बी.एल.डब्ल्यु.) वाराणसी से संबंधित सभी योग्य पाए गए कर्मचारियों को सूचित किया जाता है कि 339 रिक्तियों के विभिन्न पदों पर भरने हेतु दिनांक **04 अगस्त, 05 अगस्त व 06 अगस्त 2021** को विभिन्न पारियों में सम्पन्न होने वाली कम्प्यूटर बेस्ड परीक्षा (सीबीटी) के लिए बुलावा पत्र (काल लैटर) रेल भर्ती प्रकोष्ठ, प्रयागराज की अधिकारिक वेवसाइट www.rrcpryj.org पर अपलोड किए जा चुके हैं। परीक्षा हेतु योग्य पाए गए उम्मीदवारों से अनुरोध है कि वे काल लैटर निर्देशों सहित डाउनलोड कर उसकी प्रति के साथ परीक्षा हेतु निर्धारित स्थान पर नियत समय पर पहुँचे। उक्त काल लैटर में सेंटर कोड, सेंटर सिटी आदि के साथ–साथ कोविड प्रोटोकाल से जुडी हुयी घोषणा संलग्न है। उक्त काल लैटर के साथ कोविड घोषणा को भी सीबीटी परीक्षा केन्द्र पर साथ लाएँ साथ ही उत्तर मध्य रेलवे/बनारस लोकोमोटिव वर्कशाप के उम्मीदवार अपने रेलवे आई. कार्ड को भी आधार/पैन कार्ड के साथ लाएँ, उक्त दस्तावेजों के बगैर सीबीटी परीक्षा में प्रवेश वर्जित किया जा सकता है। सभी उम्मीदवारों को सीबीटी परीक्षा की सूचना उनके रजिस्टर्ड मोबाईल नम्बर पर एस.एम.एस व ई–मेल कर दी गयी हैं। सीबीटी परीक्षा हेतु Mock Test का विकल्प भी वेवसाइट पर उपलब्ध कराया जा चुका है। कृपया वेवसइट पर जाकर Mock Test के द्वारा सीबीटी परीक्षा का अभ्यास करें।

A.K. Mishra 27/7/21

अध्यक्ष

रेल भर्ती प्रकोष्ठ